# मैनहेटन (Manhattan)

डिस्ट्रिक्ट 1–10

जल्दी मतदान

28 अक्तूबर से 5 नवंबर

चुनाव का दिन

7 नवंबर

# 2023 nyc सामान्य चुनाव मतदाता मार्गदर्शिका

मतदान करना हुआ आसान

nycvotes.org/hi

NYC VOTES

न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड की एक पहल

# 2023 NYC मतदाता मार्गदर्शिका!

**आपको यह मतदाता मार्गदर्शिका मिल रही है क्योंकि आप कंज़र्वेटिव, डैमोक्रेटिक या रिपब्लिकन पार्टी में एक पंजीकृत मतदाता हैं। अपने डिस्ट्रिक्ट में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की सबसे अद्यतन सूची देखने के लिए hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

### मैं कब मतदान करने वाला/वाली हूँ?

- सामान्य चुनाव मंगलवार, 7 नवंबर के दिन है।
- आप शनिवार, 28 अक्तूबर से रविवार, 5 नवंबर तक जल्दी मतदान कर सकते हैं। सोमवार, 6 नवंबर को जल्दी मतदान नहीं है।

### मैं किसलिए मतदान कर रहा/रही हूँ?

पद

- नगर परिषद
- डिस्ट्रिक्ट एटर्नी ब्रॉंक्स ((Bronx), क्वीन्स (Queens), स्टेटन आईलैंड (Staten Island))
- स्टेट सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश (मैनहेटन (Manhattan), ब्रॉंक्स, क्वीन्स, ब्रुकलिन (Brooklyn))
- सिविल कोर्ट जज
- सरोगेट्स कोर्ट (ब्रुकलिन)
- मतपत्र प्रस्ताव

आप कहाँ रहते हैं उसके आधार पर आपके मतपत्र पर पद अलग-अलग हो सकते हैं। अपना मतपत्र vote.nyc/page/find-your-poll-site पर देखें।

**nycvotes.org/hi पर और जानें!**

## चुनाव की तिथियाँ और अंतिम तिथियाँ

| | |
|---|---|
| **23 अक्तूबर** | **अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की अंतिम तिथि** (ऑनलाइन या डाक द्वारा)<br>*अगर आप डाक द्वारा अपनी अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग भेजते/भेजती हैं, तो चुनाव बोर्ड को यह इस तिथि तक मिल जानी चाहिए। |
| **28 अक्तूबर** | **मतदाता रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि**<br>**जल्दी मतदान शुरू होता है** |
| **5 नवंबर** | **जल्दी मतदान खत्म होता है** |
| **6 नवंबर** | **अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की अंतिम तिथि** (व्यक्तिगत रूप से चुनाव बोर्ड के कार्यालय में) |
| **7 नवंबर** | **सामान्य चुनाव का दिन (सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक)**<br>**आपके अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र पर पोस्टमार्क का अंकन करवाने या उसे मतदान स्थल पर छोड़ने की अंतिम तिथि** |

## विषय सूची


3 मतदान कैसे करें
4 आपके मतदान स्थल पर क्या अपेक्षा करें
5 एक मतदाता के रूप में मेरे अधिकार क्या हैं?
6 पहुंच
7 नमूना मतपत्र
8 निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?
9 नगर परिषद के बारे में
11 मतपत्र पर उम्मीदवार
42 मतपत्र प्रस्ताव
45 NYC Votes के बारे में
46 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
48 चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

# मतदान कैसे करें

## मतदान स्थल और मतदान के घंटे

**अपना मतदान स्थल और मतदान के घंटे खोजें:**

- **nycvotes.org/hi** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या TTY 212-487- 5496 पर कॉल करें।

## चुनाव का दिन

मतदान चुनाव का दिन, 7 नवंबर को सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक खुला है। आपको अपने निर्दिष्ट मतदान स्थल पर मतदान करना होगा।

**मतदान स्थल के स्थान बदल सकते हैं, इसलिए जाने से पहले ज़रूर जाँच लें!**

## जल्दी मतदान

**आप चुनाव का दिन से पहले व्यक्तिगत रूप से जल्दी मतदान कर सकते/सकती हैं!**

**यह जानें**

- आपके पास एक निर्दिष्ट जल्दी मतदान स्थल है, जो संभवतः आपके चुनाव का दिन के मतदान स्थल से अलग होगा।
- हर दिन घंटे अलग-अलग होते हैं, इसलिए अपने मतदान स्थल को जाँच लें के जाने से पहले उनके घंटों की पुष्टि कर लें।

**जल्दी मतदान की तिथियाँ**

शनिवार, 28 अक्तूबर से रविवार, 5 नवंबर तक।

## डाक द्वारा मतदान

**अगर आपके पास कोई वैध कारण हो जैसे कि चुनाव का दिन न्यूयॉर्क से दूर होना या कोई बीमारी या शारीरिक अक्षमता का होना, तो आप एक अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते/सकती हैं।**

**23 अक्तूबर आपके मतपत्र की ऑनलाइन माँग करने या चुनाव बोर्ड को डाक द्वारा आपकी माँग मिलने की अंतिम तिथि है।**

**अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग केवल तभी करें अगर आपकी डाक द्वारा मतदान करने की योजना हो। अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के बाद, अगर आप व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनें, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र से मतदान करना होगा।**

**अपने अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र का अनुरोध करने का तरीका:**

- **nycabsentee.com** पर जाएं।
- NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या श्रवण बाधित लोगों के लिए TTY 212-487-5496 पर कॉल करें।
- अपने स्थानीय NYC चुनाव बोर्ड कार्यालय में जाएं। व्यक्तिगत रूप से अपनी माँग जमा करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर है।

**अगर आप दृष्टिबाधित हैं या आपको कोई अक्षमता है**

अपना मतपत्र किसी स्क्रीन रीडर द्वारा पढ़ कर सुनाया जाने के लिए आप एक पहुँचक्षम अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र की **nycabsentee.com/accessibility** पर या ऊपर दिए नंबर पर कॉल करके माँग कर सकते/सकती हैं।

**अपने मतपत्र को ट्रैक करें**

आप NYC चुनाव बोर्ड से अपने मतपत्र को **nycabsentee.com/tracking** पर ट्रैक कर सकते/सकती हैं।

# आपके मतदान स्थल पर क्या अपेक्षा करें

## पहुंचने पर चेकइन करें

जब आप वहाँ प्रवेश करेंगे/करेंगी, तब एक चुनाव कर्मी आपको दिखाएगा कि आपको कहाँ साइन इन करना है। वे रजिस्टर्ड मतदाताओं की एक सूची में आपको खोजेंगे और आपको मतपत्र देने से पहले आपके हस्ताक्षर की जाँच करेंगे।

**प्रो टिप: अगर आपको चुनाव बोर्ड से डाक में फास्ट पास मिला हो, तो तेज़ चेकइन के लिए इसे अपने साथ लाएं!**

*अगर आप कोई पहली बार मतदान करने वाला रहे ऐसे मतदाता न हों, जिसने मतदान के लिए रजिस्टर करते वक्त DMV या सोशल सिक्योरिटी नंबर न दिया हो, तो मतदान करने के लिए आपको पहचान पत्र दिखाने की ज़रूरत नहीं है।

## अपना मतपत्र भरें

अपने मतपत्र को अपनी पसंद के नाम के पास बनी अण्डाकार आकृति को पूरा भर कर चिह्नित करें।

अगर आप गलती कर दें या अगर आपको अपने मतपत्र के बारे में कोई प्रश्न हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद माँगें।!

*अपने मतपत्र के दोनों तरफ जाँचना याद रखें, ताकि आप से कुछ छूट न जाए।

## अपना मतपत्र स्कैन करें

एक बार आपने अपना मतपत्र भर लिया हो, तो एक चुनाव कर्मी आपके मतपत्र को स्कैनर में डालने में आपकी मदद करेगा। जब आपका मत अंदर चला जाएगा, तो स्कैनर आपको बताएगा।

## अपना स्टिकर पाएं

अपना स्टिकर ले लें! उसे लगाएं, सब को दिखाएं, और सुनिश्चित करें कि आपके दोस्त और रिश्तेदारों की भी मतदान करने की योजना हो।

# मतदाता के रूप में मेरे क्या अधिकार हैं?

## आम चुनाव में आपको मतदान का अधिकार है अगर:

- आप एक रजिस्टर्ड मतदाता हैं।
- मतदान स्थल के बंद होने के समय से पहले आप वहाँ पर कतार में हों।

## किसी भी चुनाव में, आपको यह अधिकार है:

- अगर आपको भाषा सहायता की ज़रूरत हो, तो किसी चुनाव कर्मी से मदद या अनुवादक की माँग करें। अनुवादक के बारे में अधिक जानकारी के लिए 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवण बाधित लोगों के लिए टीटीवाय 212-487-5496।
- मतदान में आपकी मदद करने के लिए किसी को साथ लाएं (आपके नियोक्ता या यूनियन प्रतिनिधि को छोड़ कर)।
- अपने साथ इस मतदाता मार्गदर्शिका सहित सामग्री लाएं।
- वोटिंग मशीन खराब हो गई हो, तब भी मतदान करें।
- अगर आपके मतदान स्थल पर आपका नाम मतदाता सूची में न हो, तो शपथ पत्र मतपत्र द्वारा मतदान करें।
- सुलभ मतदान स्थल ऐसा स्थान होता है, जहाँ कोई भौतिक अवरोध न हों।
- अपना मतपत्र देना के लिए ऐक्सेसिबल वोटिंग मशीन इस्तेमाल करें।
- आपकी क्षमता या अक्षमता को ध्यान में लिए बगैर मतदान करें।

## छोटे या बड़े अपराध के लिए दोषी पाए गए लोगों के लिए मतदान के अधिकार:

- खराब आचरण (मिसडिमीनर) और उल्लंघन (वायोलेशन) के लिए अपराधी ठहराये जाने से आप को मतदान करने से रोका नहीं जा सकता, आप जेल में सज़ा काट रहे हों तब भी नहीं।
- अगर आप इस वक्त किसी बड़े अपराध के लिए कारावास में हैं, तो आप मतदान के लिए पात्र नहीं हैं। हालाँकि, अगर आपको किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो और आपकी सज़ा निलंबित हो, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप अपराध के लिए दोषी ठहराए गए हों और जेल से छूट गए हों, तो आप मतदान कर सकते हैं। तथापि, आपको मतदान के लिए रजिस्टर करें करना होगा।
- अगर आप इस वक्त प्रोबेशन या पेरोल पर हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।
- अगर आप इस वक्त खराब आचरण के लिए जेल में हों या मुकद्दमे का इंतज़ार कर रहे हों, तो आप मतदान कर सकते हैं।

## आपको सहायता की ज़रूरत हो तो किससे संपर्क करें:

- अगर आपके मतदान स्थल पर कोई समस्या हो, तो किसी मतदान कर्मी को बताएं या NYC चुनाव बोर्ड से 866-VOTE-NYC (866-868-3692) या टीटीवाय 212-487-5496 पर संपर्क करें।
- अगर आपके अधिकारों का उल्लंघन किया गया हो, तो चुनाव संरक्षण हॉटलाइन 866-OUR-VOTE (866-687-8683) पर कॉल करें और एक प्रशिक्षित चुनाव संरक्षण स्वयंसेवक से बात करके निःशुल्क कानूनी सहायता पाएं
- (866) 390-2992 पर कॉल कर के या **ag.ny.gov/election-hotline** पर जा कर अपनी शिकायत को न्यूयॉर्क एटर्नी जनरल से साझा करें।

# पहुंच

**न्यूयॉर्क के हर मतदाता को निजी और स्वतंत्र रूप से मतपत्र करने का देना है। अगर आपको अक्षमता या सीमित अंग्रेजी दक्षता के कारण अपना मतपत्र भरने में सहायता की आवश्यकता है, तो सहायता उपलब्ध है।**

## सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र

अगर आप दृष्टि बाधित हैं या किसी कागज़ी मतपत्र को चिह्नित नहीं कर सकते हैं, तब भी आप डाक से मतदान कर सकते हैं। आप लिए सुलभ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग कर सकते/सकती हैं, जिसे स्क्रीन रीडर द्वारा पढ़ा जा सकता है और कंप्यूटर का इस्तेमाल करके भरा जा सकता है। अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के लिए, यहाँ जाएं: **nycabsentee.com/accessibility** या 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवणबाधित लोगों के लिए TTY 212-487-5496।

## भाषा और दुभाषिया सेवाएं

शहर भर के कई मतदान स्थलों पर अनुवादक उपलब्ध हैं। आपको अपने मतपत्र को समझने और भरने में मदद करने के लिए परिवार के सदस्य, दोस्त या अनुवादक सहित किसी व्यक्ति को अपने साथ रखने का अधिकार है।

कौन से मतदान स्थल दुभाषिया प्रदान करते हैं, यह आप **vote.nyc** पर जान सकते हैं। आप 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर भी कॉल कर सकते हैं।

## मतपत्र मार्किंग डिवाइस

**अंध, दृष्टिबाधित या फिर ऐसी अक्षमता या स्थिति वाले मतदाता, जिनके लिए पेन से मतपत्र को चिह्नित करना मुश्किल या असंभव हो, उनके सहित, मतदाताओं को बेहतर पहुंच देने के लिए मतदान स्थलों पर मतपत्र के लिए मार्किंग डिवाइस या बैलट मार्किंग डिवाइस (BMD) उपलब्ध हैं।**

अगर आप एक BMD इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो चुनाव कर्मी से कहें! आप इसे मतपत्र को एक स्क्रीन पर देखने के लिए, उसे अतिरिक्त भाषाओं में अनुवादित करने के लिए, या अपने चयनों को हेडफोन से सुनने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

## डिवाइस आपके मतपत्र को चिह्नित करने के चार तरीके प्रदान करता है:



**टच स्क्रीन**



**कीपैड (ब्रेल)**



**सिप एंड पफ डिवाइस**



**रॉकर पैडल**

- आप टेक्स्ट को बड़ा करने के लिए “ZOOM IN” (ज़ूम इन) कर सकते हैं, टेक्स्ट को फिर मूल साइज़ पर लाने के लिए “ZOOM OUT” (ज़ूम आउट) या फिर मतपत्र को काली पृष्ठ भूमि में सफेद लिखावट में दिखाने के लिए “HIGH CONTRAST” (हाई कंट्रास्ट) चुन सकते हैं।
- आप हेडफ़ोन पर ऑडियो को दोहरा सकते हैं या फिर उसकी गति और वॉल्यूम को समायोजित कर सकते हैं।
- याद रखिए! जब तक आप अपने चिह्नित मतपत्र को स्कैनर में डाल कर अपना मत नहीं देते हैं, आपके चयन अंतिम नहीं हैं।
- अगर आपको अपना मतपत्र स्कैनर में डालने में सहायता की ज़रूरत हो, तो चुनाव कर्मी आपकी मदद करेगा।

# नमूना मतपत्र

नीचे दिया नमूना मतपत्र केवल देखने के लिए है। यह आपका वास्तविक मतपत्र नहीं है और इसे भरना आपके मत के रूप में नहीं गिना जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **City Council** | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **District Attorney** Bronx, Queens, Staten Island | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **State Supreme Court** Manhattan, Bronx, Queens, Brooklyn | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **Civil Court Judges** | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |
| **Surrogate's Court** Brooklyn | ○ **Candidate A** Party 1 | ○ **Candidate B** Party 2 |

## मेरे शीर्ष चयन

इस पृष्ठ को नगर परिषद के लिए अपनी पसंदों को सूचीबद्ध करने के लिए इस्तेमाल करें। आप अपना मतपत्र भरते वक्त संदर्भ के रूप में देखने के लिए इसे अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ला सकते हैं।

### नगर परिषद

### मतपत्र प्रस्ताव

प्रस्ताव 1

प्रस्ताव 2

**याद दिला दें! आपकी पार्टी और आप जहाँ रहते हैं उसके आधार पर आपके मतपत्र पर अतिरिक्त पद हो सकते हैं।**

आप चुनाव बोर्ड से मतपत्र के नमूने का प्रीव्यू **findmypollsite.vote.nyc** पर देख सकते हैं।

# निर्वाचित अधिकारी क्या करते हैं?

हमारे निर्वाचित अधिकारी हररोज़ ऐसे निर्णय लेते हैं, जो नौकरियों, हाउसिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अधिक को प्रभावित करते हैं। अपने मतपत्र पर मौजूद पदों के बारे में और जानें।

**अपने डिस्ट्रिक्ट में उम्मीदवारों की सबसे अद्यतन सूची देखने के लिए hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

## नगर के पद

### नगर परिषद

नगर परिषद न्यूयॉर्क सिटी की सरकार की विधेयक या कानून बनाने वाली शाखा है। इसके 51 सदस्य हैं। परिषद सदस्य आम तौर पर 4 साल तक सेवा करते हैं (लगातार 2 अवधियों तक)।

2020 की जनगणना के बाद, नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट का आबादी में हुए परिवर्तनों के समायोजन के लिए पुनर्गठन किया गया था। इस प्रक्रिया के कारण, 2021 और 2023 में निर्वाचित परिषद सदस्य नव-निर्मित डिस्ट्रिक्ट्स में 2 सालों की अवधि तक सेवा करेंगे। 2025 में फिर से 4 सालों की अवधि हो जाएगी।

- विधेयकों को प्रस्तुत करना और उन पर मतदान करना।
- शहर के बजट के बारे में चर्चा करना और उसे स्वीकृति देना।
- शहर की एजेन्सियों की देखरेख करना।
- हमारे शहर की वृद्धि और विकास के बारे में निर्णय लेना।
- अपने संघटक के लिए सहायता प्रदान करना।

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## काउंटी पद

### डिस्ट्रिक्ट एटर्नी

डिस्ट्रिक्ट एटर्नी  अपनी काउंटी का सब से बड़ा वकील होता है। वह 4 सालों तक सेवा करते हैं। अवधि की कोई सीमा नहीं है।

- इसका निर्णय लेना कि किन मामलों में मुकद्दमा चलाना है (और किनमें नहीं)।
- सभी आपराधिक मुकद्दमों की देखरेख करना।
- आपराधिक व्यवहार की जाँच करना और उस पर मुकद्दमा चलाना।

## न्यायाधीश

### स्टेट का सुप्रीम कोर्ट (State Supreme Court)

स्टेट सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश अपनी काउंटियों में बड़े अपराधों और दीवानी मामलों की देखरेख करते हैं। सुप्रीम कोर्ट न्यूयॉर्क राज्य का ट्रायल कोर्ट है; कोर्ट ऑफ़ अपील्स उच्चतम न्यायालय है। वे 14 साल की अवधि तक सेवारत रहते हैं।

- तलाक, अलग होने और (शादी को) रद्द करने की कार्रवाइयों की अध्यक्षता करता है।
- बड़े अपराधों (जिसके लिए एक साल से अधिक की सज़ा दी जा सकती है) का आपराधिक अभियोजन करते हैं।
- ठेके और हानि के दावों सहित दीवानी मामलों पर निर्णय लेते हैं।

### सिविल कोर्ट (Civil Court) – काउंटी और डिस्ट्रिक्ट

सिविल कोर्ट जज काउंटी या डिस्ट्रिक्ट पर संचालन कर सकते हैं, इसलिए हो सकता है कि आप अपने मतपत्र पर एक से ज़्यादा सिविल कोर्ट जज को देखें। न्यायाधीशों को 10 साल की अवधि के लिए निर्वाचित किया जाता है और वे इसके सहित मामलों की सुनवाई करते हैं:

- $ 50,000 तक के नागरिक मामले।
- मकान मालिक किरायेदारों के मामले और हाउसिंग मानकों के रखरखाव से जुड़े मामले।
- दुर्व्यवहार पर आपराधिक मुकद्दमा।

### सरोगेट की अदालत (Surrogate's Court)

सरोगेट कोर्ट जज काउंटी के निवासियों की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति के केस सुनते हैं। वे 14 साल की अवधि तक सेवारत रहते हैं और इसके सहित मामलों को सुन सकते हैं:

- मृतकों का कारोबार जैसे कि वसीयत और संपत्ति का प्रशासन।
- गोद लेना।
- अभिभावक के रूप में कार्य।

## नगर परिषद सदस्य की ज़िंदगी में एक दिन

### नगर परिषद सदस्य आपके लिए क्या करते हैं?


- हाउसिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और अधिक मुद्दों के बारे में विधेयक बनाना और उन पर मतदान करना। परिषद सदस्य बढ़ती आयु से लेकर युवाओं के लिए सेवाओं तक के विषयों पर समितियों का हिस्सा भी बन सकते हैं।
- मेयर के साथ मिलकर नगर के ~$107 बिलियन के बजट का निर्माण करते हैं और उसे स्वीकृति देते हैं। प्रत्येक परिषद सदस्य अपने डिस्ट्रिक्ट में स्कूल बनाने और सुधार करने के लिए ~$5 मिलियन के बजट का प्रबंधन भी करता है और लाभ-निरपेक्ष संस्थानों की सहायता के लिए उनके पास ~$500,000 का अतिरिक्त बजट होता है।
- न्यूयॉर्क निवासियों को सेवा प्रदान करने वाली नगर की एजेन्सियों की देखरेख करना जिसमें न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग और न्यूयॉर्क शहर शिक्षा विभाग भी शामिल हैं।
- पूरे शहर में निर्माण और ज़मीन के इस्तेमाल को निर्धारित करना, जिसमें संपत्ति के मालिकों के लिए ज़ोनिंग की देखरेख, सीमाचिह्न रूप स्थानों का संरक्षण और शहर की ज़मीन और सार्वजनिक सुविधाओं का प्रबंधन शामिल हैं।
- आपके जैसे संघटक की सहायता करना। परिषद सदस्य और उनके पद आपकी टैक्स प्रेपरेशन, किफायती हाउसिंग, पेड़ लगाना, गंदे फुटपाथ, सड़कों पर गड्ढे, पैदल चलने वालों की सुरक्षा और अधिक चीज़ों में आपकी मदद कर सकते हैं। अगर आपको सहायता की ज़रूरत हो, तो अपने परिषद सदस्य से संपर्क करें!

## न्यूयॉर्क नगर परिषद नक्शा

- NYC के 51 नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट हैं
- हरेक डिस्ट्रिक्ट में ~172,000 मतदाता रहते हैं।
- नगर परिषद NYC के ~$107 बिलियन के बजट को स्वीकृति देती है

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें**

**findmypollsite.vote.nyc**



# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot** पर जाएं

# न्यूयॉर्क नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 1

**डैमोक्रेटिक**

- क्रिस्टोफ़र मार्ट (Christopher Marte) ✓

**रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कला और संस्कृति, कॉमन सेंस**

- हेलन जे क़िउ (Helen J Qiu) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## क्रिस्टोफ़र मार्ट (Christopher Marte) ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. विस्थापन बंद करें
2. आखरी वेतन की चोरी
3. हमारे वॉटरफ्रंट की रक्षा करना

*"डैमोक्रेटिक प्रायमरी में मुझे प्रचंड जीत में लोअर मैनहेटन को एकजुट किया होने पर गर्व है। हमने पद संभाला तब से हम इस विविधतापूर्ण डिस्ट्रिक्ट में हर अनोखे पासपड़ोस की सेवा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और यह काम अब सफल हो रहा है। हमने अपनी सड़कों पर नये पेड़ लगवाये हैं हमारे स्कूलों में नई टेक्नोलॉजी आ रही है और हमने हज़ारों लोगों और छोटे व्यवसायों को उनके समुदायों में बने रहने में मदद की है।"*

**वर्तमान पेशा:** नगर परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** न्यूयॉर्क निदेशक; अरीना। पेंशन फंड प्रबंधक; IBM

**शिक्षा:** ग्लोबल कॉलेज, LIU ब्रुकलिन

**संगठनों से संबद्धता:** डाउनटाउन इन्डिपेन्डन्ट डैमोक्रेट्स

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** डैमोक्रेटिक राज्य समिति सदस्य (2018-22)

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## हेलन जे किउ
## (Helen J Qiu)

रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कला और संस्कृति, कॉमन सेंस

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. NYPD का निधियन/DA द्वारा निरीक्षण
2. बेघर और मानसिक स्वास्थ्य समाधान
3. हाउसिंग की उपलब्धता बढ़ाना, जुर्माने हटाना

***"मुझे अपने डिस्ट्रिक्ट और न्यूयॉर्क से प्यार है। न्यूयॉर्क का जन्म मेरे डिस्ट्रिक्ट से हुआ था। मैं लोअर मैनहेटन और समग्र NYC की सुरक्षा और अवसर के संरक्षण को अपना मीशन मानती हूँ। अपने बेटे और सभी परिवारों के लिए सफल सार्वजनिक स्कूल अधिवक्ता के रूप में मेरी यात्रा ने मुझे CEC 2021 के चुनाव में विजय दिलाई। मेरी अनोखी पार्श्वभूमि, चीन की एक प्रवासी से कोलम्बिया में PhD के लिए पढ़ाई, से फोर्च्यून सेमीकंडक्टर कंपनी में एक एग्ज़िक्यूटिव पद को संभालना से एक विधिवत् पादरी मुझे विविध अनुभवों से सशक्त करता है जिनका मैं NYC नगर परिषद में सचमुच के परिवर्तन को लाने के लिए लाभ उठाऊँगी।"***

**वर्तमान पेशा:** एडजंक्ट प्रोफेसर

**पहले के पेशे:** इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट मैनेजर, पास्टर

**शिक्षा:** ज़ाँगशान यू. हारवर्ड और कोलम्बिया

**संगठनों से संबद्धता:** ज्युइश चाइनीज़ कोएलिशन, कॉमनसेन्स NY, बेटर NYCHA

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** सामुदायिक शिक्षा परिषद

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**आपके लिए सब से महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों का क्या रवैया है जानने के लिए हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं, और फिर उनके रवैयों को एक साथ रख कर उनकी तुलना करें।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/compare पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | क्रिस्टोफ़र मार्ट (Christopher Marte)<br>डैमोक्रेटिक | हेलन जे किउ (Helen J Qiu)<br>रिपब्लिकन, कंज़र्वेटिव, कला और संस्कृति, कॉमन सेंस |
|---|---|---|
| **अपराध** | अपराध को कम करना मतलब उसे होने से रोकना, ना कि उसके बाद प्रतिक्रिया देना। हमने गैरकानूनी स्मोक शॉप जैसी समस्याओं पर कार्यवाही करने के लिए मैनहेटन डीए के साथ साझीदारी की है, और साथ ही अधिक शक्तिशाली सोशल सर्विस नेटवर्कों का निधियन किया है ताकि लोगों को उनकी ज़िंदगी को बरबाद करने वाले चयन करने से रोका जा सके। | मेरा लक्ष्य है DA ब्रैग पर सड़क और सबवे की सुरक्षा को जोखिम में डालने वाले अपराधों पर कानून लागू करने के लिए दबाव डालना। साथ ही, मैं ज़मानत सुधार और अपराधियों को सशक्त करने वाले अन्य आपराधिक न्याय उपायों को उलटाने के प्रयास करूँगी, जहाँ मेरा लक्ष्य होगा संतुलन को वापस लाना। |
| **महँगाई** | जीवन यापन की बढ़ती लागत विस्थापन का कारण है। हमें खुशी है कि हमने चाइनाटाउन में एक नये मॉल के उद्‌घाटन को सुगम बनाया है, जिसमें यूनियन वाली नौकरियों वाला एक बड़ा दिमसम हॉल होगा। इस तरह का आर्थिक पुनरुद्धार लोअर मैनहेटन में हर जगह आवश्यक है। | मैं हमारे कमज़ोर समुदाय पर महँगाई के प्रभाव से निपटने को प्राथमिकता दूँगी। मैं सेवा निवृत्त नागरिकों, पूर्व सैनिकों, दिव्यांग जनों और ज़रूरतमंद परिवारों के लिए लाभों को विस्तारित करूँगी। मैं न्यूयॉर्क निवासियों और छोटे व्यवसायों पर बोझ बन रहे अत्यधिक करों की समीक्षा करूँगी और सुनिश्चित करूँगी कि यह सभी के लिए एक वहनीय निवास शहर बने। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | अफसोस की बात है कि हमारा डिस्ट्रिक्ट मतदाता धोखाधड़ी और दमन से मुक्त नहीं है। प्रारंभिक चुनाव के दिन हमने खुद यह देखा है। हम अधिक ज़िम्मेदार राजनेताओं को निर्वाचित करने का एक आक्रामक प्रयास शुरू कर रहे हैं ताकि मतदान स्थल पर भ्रष्टाचार को रोका जा सके। | मैं एक मज़बूत युवा-केन्द्री नागरिक पहल का प्रस्ताव करती हूँ जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों को सिखाएगी, जिससे सूचित, विचारशील नागरिक पले-बढ़ें। मैं आलोचनात्मक सोच को आगे बढ़ाना चाहती हूँ, बहस को फिर शुरू करना चाहती हूँ, विविध रायों के प्रति खुला मन रखना चाहती हूँ और निजी दायित्व को पोषित करके भावी लोकतंत्र की गारंटी देना चाहती हूँ। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 2

**डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़**

- कार्लिना रिवेरा (Carlina Rivera) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## कार्लिना रिवेरा (Carlina Rivera) ✓

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. मूलभूत ज़रूरतों की वहनीयता विस्तारित करना
2. समावेशी आर्थिक वृद्धि में निवेश करना
3. एक अधिक स्वच्छ, अधिक ग्रीन शहर

*"सेक्शन 8 हाउसिंग में बड़ी हुई जीवन भर न्यूयॉर्क निवासी होने के नाते मैं अपने पड़ोसियों के संघर्षों को जानती हूँ। किफायती हाउसिंग से प्रजनन अधिकारों से ले कर जलवायु संकट तक मेरे पास परिणामों का रिकॉर्ड है। मैं स्वास्थ्य सेवा, सार्वजनिक सुरक्षा और न्यायपूर्ण आर्थिक वृद्धि को संबोधित करना जारी रखने के लिए पुनर्निर्वाचन के लिए लड़ रही हूँ। मैं आप शहर से जिनकी अपेक्षा करते हैं उन सेवाओं को बढ़ाना जारी रखूँगी, जैसे सुरक्षित, साफ सड़कें, पहुँच लायक पार्क और गरिमापूर्ण हाउसिंग।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** लेजिस्लेटिव डिरेक्टर, काउन्सिल सदस्या रोज़ी मेन्डेज़; डायरेक्टर ऑफ़ प्रोग्राम्स एंड सर्विसिस, गुड ओल्ड लोअर ईस्ट साइड; प्रोग्राम आसिस्टंट, लॉयर्स अलायंस फ़ॉर न्यूयॉर्क

**शिक्षा:** BA इन जर्निलज़्म, मेरिस्ट कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** लैंगिक समानता कमीशन; स्थानीय डैमोक्रेटिक क्लब

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** डैमोक्रेट डिस्ट्रिक्ट नेता, 74वाँ असेम्बली डिस्ट्रिक्ट; मैनहेटन सामुदायिक बोर्ड 3

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## कार्लिना रिवेरा (Carlina Rivera)

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

| | |
|---|---|
| **अपराध** | हरेक न्यूयॉर्क निवासी को अपने समुदाय और अपने घर में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। आपराधिक न्याय की परिषद समिति की सदस्या के रूप में मैं एक सामान्य-बुद्धि अभिगम अपनाने को प्रतिबद्ध हूँ जिसमें सामुदायिक स्तर के कार्यक्रम और दीर्घकालीन सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने वाली हिंसा में खलल डालनेवाली गतिविधियाँ शामिल हैं। |
| **महँगाई** | न्यूयॉर्क कई सालों से अत्यधिक महँगा रहा है, लेकिन हाल की महँगाई ने समस्या को और बिगाड़ दिया है। कीमतों में खून चूसने वाली बढ़ोतरी को रोकने, काम करने वाले परिवारों के हाथों में अधिक रखने और सभी के लिए एख अधिक किफायती, न्यायपूर्ण शहर बनाने के लिए मुझे बड़े कॉर्पोरेशनों और बड़े खास हितों के खिलाफ खड़े होने में गर्व महसूस होता है। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | पूरे यूएस में चरमपंथी हमारे लोकतंत्र को कमज़ोर बना रहे हैं। न्यूयॉर्क निवासी एक खतरनाक अल्पसंख्यक समूह को कई लोगों पर शासन नहीं करने देंगे। मैं गलत सूचना से लड़ने, मताधिकार की रक्षा करने और हमारे मूल्यों को नष्ट करने का प्रयास कर रहे लोगों के प्रति ध्यान आकर्षित करने के लिए हमारे पास मौजूद हर साधन का इस्तेमाल करने को प्रतिबद्ध हूँ। |

## उम्मीदवारों के वीडियो देखें

**हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

# NYC Votes को फ़ॉलो करें

आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!

**@nycvotes**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 3

**डैमोक्रेटिक**

- एरिक बोच्चर (Erik Bottcher)

**रिपब्लिकन, मेडिकल फ़्रीडम**

- रॉबर्ट बॉबरिक (Robert Bobrick)

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

---



## एरिक बोच्चर (Erik Bottcher)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. जीवन की गुणवत्ता और सार्वजनिक सुरक्षा
2. किफायती हाउसिंग का संकट
3. मानसिक स्वास्थ्य संकट

*"लागू नहीं होता"*

**वर्तमान पेशा:** नगर परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** न्यूयॉर्क नगर परिषद के स्पीकर के कर्मचारी दल के मुख्य, न्यूयॉर्क राज्य के गवर्नर के लिए LGBTQ+ समुदाय संपर्क, न्यूयॉर्क नगर परिषद के लिए LGBTQ व HIV/AIDS समुदाय संपर्क

**शिक्षा:** जॉर्ज वॉशिंग्टन यूनिवर्सिटी, हारवर्ड केनेडी स्कूल का सीनियर एग्ज़िक्यूटिव्स इन स्टेट एंड लोकल गवर्नमेन्ट प्रोग्राम

**संगठनों से संबद्धता:** विलेज इन्डिपेन्डन्ट डैमोक्रेट्स, स्टोनवॉल डैमोक्रेटिक क्लब ऑफ़ न्यूयॉर्क सिटी, डैमोक्रेटिक म्युनिसिपल अधिकारी

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** डैमोक्रेटिक काउंटी कमिटी, न्यूयॉर्क नगर परिषद के लिए LGBTQ व HIV/AIDS समुदाय संपर्क, न्यूयॉर्क राज्य के गवर्नर के लिए LGBTQ+ समुदाय संपर्क, सामुदायिक बोर्ड 3 (सार्वजनिक सदस्य), NYPD में LGBTQ+ सलाहकार समिति

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## रॉबर्ट पी बॉबरिक
## (Robert P Bobrick)

रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. शरीर के बारे में स्वायत्ता और चिकित्सीय स्वातंत्र्य
2. चयन करने का माता-पिता का अधिकार
3. अवसरंचना और छोटे व्यवसाय

***"अपना संदेश औसत मतदाता तक पहुंचाने और उन्हें आवाज़ देने के लिए मैं एक आधाररूप अभियान चला रहा हूँ। मैं सोशल मीडिया के स्थान पर जनसमूह में और हर घर जा कर अभियान चलाता हूँ। मेरे अभियान का नारा है "चलिए इसे चुनाव बनाएं, चयन नहीं।" मैं अजेन्डा-चालित आधिकारिक आदेशों के द्वारा जोखिम में डाले गए चिकित्सीय और अन्य ईश्वर-दत्त अधिकारों की हिफ़ाज़त करूँगा।"***

**वर्तमान पेशा:** सेवा निवृत्त

**पहले के पेशे:** इतिहास शिक्षिक, ESL शिक्षिक

**शिक्षा:** एमए, हिस्टॉरिकल स्टडीज़, न्यू स्कूल यूनिवर्सिटी; एमए, एशियन स्टडीज़, सेटन हॉल यूनिवर्सिटी; बीए, कोलम्बिया कॉलेज

**संगठनों से संबद्धता:** मेडिकल फ्रीडम अलायंस, जेफ डुलेआ इंटरजनरेशनल गार्डन

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** उम्मीदवार, NYS सेनेट, डिस्ट्रिक्ट 47, 2022

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

**टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या nycvotes.org/stay-informed पर जाएं**

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | एरिक बोच्चर (Erik Bottcher) ✓<br>डैमोक्रेटिक | रॉबर्ट पी बॉबरिक (Robert P Bobrick) ✓<br>रिपब्लिकन, मेडिकल फ्रीडम |
|---|---|---|
| **अपराध** | सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का मूलभूत दायित्व है। मानसिक स्वास्थ्य संकट, नशीले पदार्थों के सेवन की महामारी और असंतोषजनक ढंग से काम करने वाली कोर्ट प्रणाली सहित अपराध और जीवन की गुणवत्ता संबंधी चिंताओं में योगदान करने वाले अनेक कारकों के खिलाफ निर्भीक कार्रवाई की जानी चाहिए। | पुलिस का निधियन रद्द कर दिया जाना चाहिए। परिवारों, समुदायों और पासपड़ोस को ताकतवर बनाना और उनकी सहायता करना अपराध को कम करने का सबसे अच्छा और सही तरीका है। सुरक्षित सड़कें और परिवहन हमारे शहर के लिए आवश्यक हैं। |
| **महँगाई** | महँगाई एक गंभीर समस्या है जो आम न्यूयॉर्क निवासी की अपना पेट भरने की क्षमता को प्रभावित करती है। इसलिए मैं महँगाई को संबोधित करने के राष्ट्रपति बाइडेन के प्रयासों का समर्थन करता हूँ, और कार्यकर्ताओं के लिए उच्चतर वेतन का समर्थन करता हूँ ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि हर व्यक्ति गरिमापूर्ण जीवन जी सके। | यह राज्य और राष्ट्रीय नीति के लिए अधिक प्रासंगिक एक वृहद आर्थिक प्रश्न है। NYC को स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करके अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, ना कि हमेशा अधिक और अधिक प्रिंट किए हुए संघीय डॉलर की अपेक्षा करना। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | लोकतंत्र और मतदाता अधिकार पूरे अमेरिका में दक्षिण पंथी अंतिमवादियों के वार सह रहे हैं - यहाँ न्यूयॉर्क राज्य में भी। जॉन लेविस संरक्षण कानून हमारे मतदान के अधिकार की रक्षा करने का हमारा सब से अच्छा मौका है और हमें इसे पारित किए जाने के लिए लड़ना जारी रखना होगा। | मुझे एक स्वतंत्र उम्मीदवार मान लें। जब हमारे पास नगर की सरकार में अधिक संतुलित प्रतिनिधित्व होगा, जिसमें स्वतंत्र उम्मीदवार शामिल होंगे, लोगों की प्राथमिकताओं को परिषद में अधिक विस्तृत रूप से सुना जाएगा। |

# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot** पर जाएं

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 4

**डैमोक्रेटिक**

- कीथ पावर्स (Keith Powers) ✓

**रिपब्लिकन, पेरेन्ट पार्टी**

- ब्रायन रॉबिनसन (Brian Robinson) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## कीथ पावर्स (Keith Powers) ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. हाउसिंग और बेघरपन
2. सार्वजनिक सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य
3. छोटे व्यवसाय और आर्थिक विकास

*"पिछले छह सालों तक मैनहेटन के ईस्ट साइड - वह डिस्ट्रिक्ट जहाँ मेरा जन्म हुआ और मैं पला-बढ़ा - उसका प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात रही है। स्टूयवेसन्ट टाउन से कार्नेगी हिल तक, मुझे किफायती हाउसिंग की हज़ारों इकाइयों के संरक्षण के लिए हमने किए हुए काम का मुझे गर्व है, हमारे स्थानीय सार्वजनिक स्कूलों में कई मिलियन डॉलर का निवेश, नये खुले स्थानों और परिवहन के लिए वकालत और हमारे मतदाताओं की रोज़मर्रा की ज़रूरतों को संबोधित करना।*

*इस कार्यकाल में मुझे नगर परिषद में बहुमत के नेता के रूप में और हमारे डिस्ट्रिक्ट के लिए नगर के नेतृत्व में महत्वपूर्ण आवाज़ के रूप में सेवा करने में बहुत गर्व हो रहा है।"*

**वर्तमान पेशा:** नगर परिषद सदस्य

**पहले का पेशा:** कर्मचारी का मुख्य

**शिक्षा:** CUNY ग्रेजुएट सेंटर, यूनिवर्सिटी ऑफ डेयटन

**संगठनों से संबद्धता:** स्टूयवेसन्ट टाउन और पीटर कूपर विलेज किरायेदार संघ, सामुदायिक बोर्ड 6

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कर्मचारी का मुख्य, सामुदायिक बोर्ड सदस्य

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## ब्रायन रॉबिनसन (Brian Robinson)

रिपब्लिकन, पेरेन्ट पार्टी

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा
2. बेघर
3. शैक्षिक बौद्धिक नेतृत्व

***“मैं लंबे समय से एक सगर्व न्यूयॉर्क निवासी हूँ, और कई अन्य लोगों की तरह परिवार को पाल रहा हूँ। मैंने देखा कि किस तरह से इस शहर में चीज़ें बिगड़ रही हैं, और मैंने खड़े हो कर फर्क लाने का निर्णय किया। कोई भी इस बारे में अनजान नहीं है कि पिछले कुछ सालों में राजनेताओंने इस शहर को कितना नुकसान किया है। यह हमारे लिए जो सब से महत्वपूर्ण बात है उसके एक गहन पुनर्विश्लेषण का वक्त है। मेरे लिए, यह लोगों की सुरक्षा और कल्याण है। यह परिवारों के लिए जीवनक्षमता है, और यह सुनिश्चित करना कि हमारे कर के डॉलर का हमारे हितों की सेवा में खर्च किया जाए। यह पार्टी के बारे में नहीं है। यह इस एक बार महान शहर के भविष्य के बारे में है।”***

**वर्तमान पेशा:** आर्थिक सेवाएं

**पहले का पेशा:** छोटे व्यवसाय के मालिक

**शिक्षा:** दर्शनशास्त्र

**संगठनों से संबद्धता:** AdL

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कोई नहीं

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों की तुलना करें

आपके लिए सब से महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों का क्या रवैया है जानने के लिए हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं, और फिर उनके रवैयों को एक साथ रख कर उनकी तुलना करें।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/compare** पर जाएं

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | **कीथ पावर्स (Keith Powers)** ✓<br>डैमोक्रेटिक | **ब्रायन रॉबिनसन (Brian Robinson)** ✓<br>रिपब्लिकन, पेरेन्ट पार्टी |
|---|---|---|
| **अपराध** | यह आवश्यक है कि हम सार्वजनिक सुरक्षा को शक्तिशाली बनाएं, मानसिक स्वास्थ्य समस्यओं को संबोधित करें और सफल पुनःप्रवेश नीतियों में निवेश करें। मैं सार्वजनिक सुरक्षा का सामना करने और पासपड़ोस की समस्याओं को संबोधित करने के लिए स्थानीय प्रीसिंक्ट्स से हमारी साझीदारी को और मज़बूत करना जारी रखूँगा। | मैं सुनिश्चित करना चाहता हूँ कि अपराधियों के नहीं, अपराध के पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों को प्राथमिकता दी जाए। मैं NYPD का समर्थन करूँगा और हमारे ज्ञानी डिस्ट्रिक्ट एटर्नियों के खिलाफ खड़ा रहूँगा, जो अपराधियों को सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं, जब कि अच्छे नागरिक अपनी सुरक्षा के लिए डरे हुए रहते हैं। |
| **महँगाई** | जब बात बेइन्तेहा बढ़ती कीमतों और वहनीयता पर उसके प्रभाव की आती है तो हमें न्यूयॉर्क निवासियों और हमारे छोटे व्यवसायों पर महँगाई के प्रभाव को रोकना होगा। | मेरा मानना है कि महँगाई एक गंभीर समस्या है, जो न केवल समाज के कम विशेषाधिकारों वाले लोगों के लिए है, बल्कि हम सभी के लिए है और हमें सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें जिनकी ज़रूरत है वे आवश्यक चीज़ें और सेवाएं वे वहन कर सकें ऐसी कीमतों पर उपलब्ध हों। यह एक छुपा हुआ कर है, जिससे हमें लड़ना होगा। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | एक ऐसे वक्त में जब हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों पर देशभर में हमला किया जा रहा है, हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम स्वतंत्र और सुरक्षित चुनावों के अपनी अधिकारों को बनाए रखें और उनकी रक्षा करें, अभियान निधीयन का समर्थन करें और सत्तावादी व्याखानों के खिलाफ लड़ें। | गर्भपात सुरक्षित, कानून और कभी-कभार होने वाला होना चाहिए। यह मॉडरेट डैमोक्रेट नीति हुआ करती थी, और जब मैं पदभार संभालूँगा, तब हम कॉमन सेन्स पर लौटेंगे, और उसे राजनीतिक रूप देना चाह रहे अंतिमवादियों से चयन के अधिकार की रक्षा करेंगे। हमें ऐसी उचित पद धारण अवधि सीमाओं की ज़रूरत है जिनका हर नागरिक समर्थन करे। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 5

**डैमोक्रेटिक**

- जुली मेनिन (Julie Menin)

**रिपब्लिकन**

- एलिज़ाबेथ ए गोलुस्कियो (Elizabeth A Golluscio)

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## जुली मेनिन (Julie Menin)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. वहनीयता और जीवन की गुणवत्ता
2. सार्वजनिक सुरक्षा और स्वच्छता
3. सार्वजनिक स्कूलों और शिक्षाओं को बेहतर बनाना

***"मैंने हमारे समुदाय के लिए परिणाम लाने के लिए कड़ी मेहनत की है। मेरे नौ विधेयक अब कानून के रूप में हस्ताक्षरित हो गए हैं, जिनमें अस्पतालों के लिए अपनी कीमतें प्रकट करना आवश्यक बनाना, सार्वत्रिक बाल देखभाल उपलब्ध कराना और प्रजनन संबंधी अधिकारों को संहिताबद्ध करना शामिल हैं। मैं अपने अनुभव का इस्तेमाल सभी न्यूयॉर्क वासियों के लिए लड़ने के लिए करूँगी ताकि हमारे पास एक अधिक मज़बूत, अधिक सुरक्षित और अधिक न्यायोचित शहर हो।"***

**वर्तमान पेशा:** नगर परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** NYC उपभोक्ता मामले विभाग आयुक्त, NYC मीडिया और मनोरंजन आयुक्त, एटर्नी, छोटे व्यवसाय के मालिक, लाभ-निरपेक्ष संस्थान के संस्थापक and एडजंक्ट प्रोफेसर at कोलम्बिया यूनिवर्सिटी

**शिक्षा:** कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, B.A., मैग्ना कुम लाउडे; नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ़ लॉ, J.D

**संगठनों से संबद्धता:** बोर्ड ऑफ़ ट्रस्टीज़ कोलम्बिया यूनिवर्सिटी, NYC किड्ज़ राइज़ की संस्थापक, बोर्ड सदस्या 9/11 मेमोरियल

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** NYC जनगणना निदेशक

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## एलिज़ाबेथ ए गोलुस्कियो (Elizabeth A Golluscio)

रिपब्लिकन

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. अपराध और ईबाइक अव्यवस्था को कम करना
2. छोटे व्यवसायों की रक्षा और समर्थन करना
3. सुनिश्चित करना कि चिकित्सीय स्वतंत्रता समर्थित हो

*“मुझे *अब भी!* NY से प्यार है! पिछले कुछ सालों में चीज़ें उन्मादी हो गई है... और मैं अपनी टेक्नोलॉजी, आंत्रप्रेनरशिप और व्यवसाय संबंधी समझ को हमारी सड़कों को साफ और सुरक्षित रखने, हमारी स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने, NYC की एजेन्सियों में कार्यक्षमता चालित करने और हमारी निजी स्वतंत्रताओं को सरकार की महत्वाकांक्षा से सुरक्षित रखने में इस्तेमाल करूँगी।”*

**वर्तमान पेशा:** बेरोज़गार

**पहले का पेशा:** गार्टनर इंक में मैनेजिंग वाइस प्रेसिडेंट

**शिक्षा:** कॉर्नेल (बी.एस. इंजीनियरिंग) और MIT (MBA)

**संगठनों से संबद्धता:** मेडिकल फ्रीडम एलायंस

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन

# उम्मीदवारों के वीडियो देखें

हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।

यहाँ स्कैन करें या **hindi.nycvotes.org/candidates** पर जाएं

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | **जुली मेनिन (Julie Menin)** ✓<br>डैमोक्रेटिक | **एलिज़ाबेथ ए गोलुस्कियो (Elizabeth A Golluscio)** ✓<br>रिपब्लिकन |
|---|---|---|
| **अपराध** | हमें सार्वजनिक सुरक्षा की वास्तविकता और मान्यता, दोनों को पुनःस्थापित करना होगा। पिछले साल के दौरान हमारे डिस्ट्रिक्ट में अपराध 20 प्रतिशत जितना कम हुआ है और मैंने सफलता पूर्वक NYPD पैदल पेट्रोल में बढ़ोतरी को सुगम बनाया है। मैं हमारे शहर को सुरक्षित रखने के लिए मज़बूत संसाधनों की वकालत करना जारी रखूँगी। | पिछले कुछ सालों में बेरोज़गारी, निराशा और लत से चालित अपराध बहुत बढ़ गया है। हम अपनी सड़कों और सबवे को सुरक्षित रखने के लिए NYPD का किस तरह से समर्थन कर सकते हैं यह जानने के लिए मेरे साथ मासिक प्रिसिंक्ट मीटिंग में शामिल हों! |
| **महँगाई** | बढ़ती हुई कीमतें हमारे शहर में वहनीयता संबंधी संकट में योगदान दे रही हैं। मेरी शीर्ष वरीयताओं में से एक रहा है मेरे उस विधेयक को पारित करना, जो अस्पतालों के लिए अपनी कीमतें प्रकट करना आवश्यक बना कर न्यूयॉर्क निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा लागत को कम करेगा। इससे महँगाई के रिकॉर्ड रूप भार को ऑफसेट करने में मदद मिलेगी। | 2020 की शुरुआत से संघीय सरकार ने कई ट्रिलियन डॉलर छापे हैं, जिसमें से अधिकतर उन अमीर व्यवसायों को गया है जो लॉक डाउन नहीं हुए हैं। NYC के कई बिलियन खर्च किए हैं, लेकिन फिर भी हमारे स्कूलों और अतिमहत्वपूर्ण सेवाओं को बंद कर दिया गया था; हमें एक ऐसी नगर परिषद की ज़रूरत है, जो अधिक स्मार्ट बजट प्रदान करे! |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | 2020 की NYC जनगणना निदेशक के रूप में मुझे गर्व है कि हम जनणना में नागरिकत्व के बारे में मौजूद प्रश्न के संबंध में ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ अपने मुकद्दमे को सुप्रीम कोर्ट में जीत गए और सभी बड़े शहरों में से प्रतिभागिता में #1 बन कर हम ने NYC के लिए कई बिलियन डॉलर प्राप्त किए। | गुस्सा और निठुराई एक शक्तिशाली, विनाशकारी संयोजन है, लेकिन मैंने कई लोगों से बात की है जो अब किसी भी राजनेता के लिए मतदान नहीं करना चाहते हैं और ना ही उनका समर्थन करना चाहते हैं। न्यूयॉर्क निवासी वोट करना चाहें, उनके पास ऐसा करने के लिए सरल पहुँच हो और उनके मतों की न्यायपूर्ण गणना हो यह सुनिश्चित करने के लिए मैं कर सकूँ वह सबकुछ करूँगी। |

# NYC Votes को फ़ॉलो करें

आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!

**@nycvotes**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 6

**डैमोक्रेटिक**

- गेल ब्रुअर (Gale Brewer)

**रिपब्लिकन, कला और संस्कृति, NY को साफ करें**

- डिआन डी स्टासियो (Diane di Stasio)

**मेडिकल फ्रीडम**

- बार्बरा सिम्पसन (Barbara Simpson)*

**अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

* उम्मीदवार ने इस मुद्रित मतदाता मार्गदर्शिका में शामिल करने के लिए समय पर एक पूरा प्रोफ़ाइल जमा नहीं किया।

---



## गेल ब्रुअर (Gale Brewer)

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा, सब के लिए न्याय
2. किफायती हाउसिंग की रक्षा करना और बनाना
3. स्कूल में उत्तमता, और बाद में नौकरियाँ

***"ज्ञान: बजट, ज़मीन का उपयोग, स्कूल, पुलिस संचार संबंधी, पैदल चलने वालों की सुरक्षा, किफायती हाउसिंग, ऐतिहासिक संरक्षण, पर्यावरण संबंधी न्याय, पार्क, उम्र अनुकूल, कला, नागरिक डेटा, इंटर्नशिप, LGBTQ अधिकार, संघ/निर्माण सुरक्षा, बाइक/बस की लेन। नफरत/पूर्वाग्रह के कार्यों का विरोध करना"***

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्या चेयर निरीक्षण और जाँच

**पहले का पेशा:** मैनहेटन बरो अध्यक्ष (MBP) 2014-2021; परिषद सदस्या 2002-2013 (टेक्नोलॉजी, सामान्य कल्याण, सरकारी परिचालन प्रमुख); लाभनिरपेक्ष प्रोजेक्ट/CUNY; टेलीसिस कॉर्प; उप जन अधिवक्ता; मेयर का संघीय कार्यालय; NYC की महिला स्थिति समिति; परिषद सदस्य मेसिंजर का कार्यल; लेफ्टेनंट गवर्नर कार्यालय; एज्ज प्रोफेसर हंटर; बारुख, मर्फी इन्सट, बर्नार्ड

**शिक्षा:** MPA, केनेडी स्कूल, हारवर्ड; BA, कोलम्बिया; बेनिंग्टन

**संगठनों से संबद्धता:** नैशनल लीग ऑफ सिटीज़; BIDs; इलीनॉर्स लेगसी

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** Comm Bd 7; BD सद/लाभनिरपेक्ष; NYSNWPC; परिषद; MBP

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक



## डिआन डी स्टासियो (Diane di Stasio)

रिपब्लिकन, कला और संस्कृति, NY को साफ करें

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. सार्वजनिक सुरक्षा पुनर्स्थापित करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है।
2. न्यूयॉर्क को अधिक किफायती बनाना।
3. सुनिश्चित करना कि विद्यार्थियों को हमेशा प्राथमिकता मिले।

***"मैं NEC ऑफ़ म्यूज़िक की ग्रैजुएट हूँ और प्रथम पीढ़ी इटालियन प्रवासियों की बेटी। मैंने कार्नेगी हॉल में प्रदर्शन किया है, एमी जीता है, सुप्रसिद्ध रे चार्ल्स से सहयोग किया है, और पिछले दस साल एलिसन बैले फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में बिताए हैं। लेकिन आज तक की मेरी सब से बड़ी उपलब्धि है माँ बनना। कामकाजी अकेली माता के रूप में मैंने अपराध, गंदगी और बढ़ती हुई कीमतों को देखा है जो हमारे रोज़मर्रा के जीवन में फिर घुसपैठ करती हैं। मुझे इस NYC से प्यार नहीं हुआ था, और यह वह NYC नहीं है जिसमें मैं अपनी बेटी या पोतियों को बड़ा होता देखना चाहती हूँ। हमें नये नेताओं की ज़रूरत है, जो सार्वजनिक सुरक्षा को पुनःस्थापित करें, सार्वजनिक शिक्षा को बेहतर बनाएं और हर कामकाजी न्यूयॉर्क निवासी के लिए जीवन को अधिक वहनीय बनाएं।"***

**वर्तमान पेशा:** EBF मैनेजिंग डायरेक्टर

**पहले का पेशा:** कलाकार

**शिक्षा:** NEC; पेन स्टेट

**संगठनों से संबद्धता:** AGMA; AEA; वेस्टसाइड सामुदायिक संगठन

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** रिपब्लिकन


# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।

यहाँ स्कैन करें या **nycvotes.org/stay-informed** पर जाएं

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | गेल ब्रुअर (Gale Brewer) ✓<br>डैमोक्रेटिक | डिआन डी स्टासियो (Diane di Stasio) ✓<br>रिपब्लिकन, कला और संस्कृति, NY को साफ करें |
|---|---|---|
| **अपराध** | अपराध कम करने के लिए, NYPD को समुदायों के साथ काम करने के लिए अधिक मज़बूत और अग्रसक्रिय व्यूहरचना विकसित करने की ज़रूरत है। इसके अलावा, लोगों को उनके कार्यों के लिए उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। | हमारी सड़कों, हमारी स्कूलों, हमारे बगीचों, हमारे समुदायों को अधिक सुरक्षित, अधिक साफ और अधिक पहुँचक्षम होने की ज़रूरत है। महामारी के बाद से हम ने शहरभर में हिंसक अपराधों में अत्यधिक तेज़ 15% की बढ़ोतरी देखी है। कानून प्रवर्तन को अपना काम करने के लिए जिनकी ज़रूरत है वे साधन और प्रशिक्षण प्रदान करने का समय आ गया है। |
| **महँगाई** | NYC को सरकारी सहायता से हाउसिंग की उच्च लागत और खाद्य सुरक्षा की कमी को संबोधित करना होगा। अपार्टमेन्ट्स को बाज़ार से दूर रखने से आपूर्ति सीमित हो जाती है और कीमतें बढ़ जाती हैं। बंद होना ही चाहिए। निगमों के पास पैसा ही पैसा है, तो वे कीमतें क्यों बढ़ा रहे हैं? वे ऐसा करते हैं, क्योंकि कर सकते हैं। मार्कअप में बढ़ोतरी महँगाई में योगदान करती है। | कोविड-19 ने अंतर्राष्ट्रीय उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर कहर बरपाया है। परिणाम स्वरूप, हमारे पास कम सामान और अधिक माँग है। विनाशकारी व्यापार शुल्कों को खत्म करने के लिए लड़ने के साथ साथ-साथ जोन्स ऐक्ट जैसे पुराने आर्थिक अवरोधों को रद्द करने के लिए काम करना हम महँगाई को कम कर सकें उसका एक मात्र तरीका है। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | मतदाता पहुँच को बढ़ाना और सुरक्षित रखना। चुनाव बोर्ड के मतपत्र चिह्नित करने वाले डिवाइसिस की देखरेख करना जिन्हें लचीला होना पड़ता है ताकि सभी हिस्से प्रचालित किए जा सकें। NYC को सरकार की पारदर्शिता के नेता के रूप में काम जारी रखना चाहिए और इसलिए जाँच और देखरेख एजेन्सी विभाग का पूर्ण निधियन करना चाहिए। अपने बात कहने को प्रोत्साहन दो। | हमारे लोकतंत्र की रक्षा करने का सब से अच्छा तरीका है सुनिश्चित करना कि न्यूयॉर्क के हरेक नागरिक के पास मतपेटी तक तेज़ और आसान पहुँच हो। अनुपस्थिति में और प्रारंभिक वोटिंग को विस्तारित किया जाना चाहिए, सभी मतदान सुविधाएं ADA के अनुपालन में होनी चाहिए, और हमारी प्रमाणन प्रक्रिया को सरलीकृत और सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए। |

## बार्बरा सिम्पसन (Barbara Simpson)*

मेडिकल फ़्रीडम

| |
|---|
| उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |

# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

**अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/plan-your-ballot पर जाएं**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 7

**डैमोक्रेटिक**

- शॉन आब्र (Shaun Abreu) ✓

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**



## शॉन आब्र (Shaun Abreu) ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. किफायती हाउसिंग तक पहुंच का विस्तार करना।
2. चूहों, कचरे और मचान से निपटना।
3. स्कूलों और कानूनी सेवाओं को वित्तपोषित करना।

*"मैं जिसे जानता हूँ और जिसे मैंने आजीवन प्रेम किया है उस स्थान का प्रतिनिधित्व करना जारी रखने के लिए मैं पुनर्निर्वाचन के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ। मैं अपर वेस्ट साइड और वॉशिंग्टन हाइट्स में बड़ा हुआ था, और मैंने किरायेदार अधिकार वकील के रूप में हमारे समुदायों का बचाव करते हुए करियर बनाया है। नगर परिषद में शामिल हुआ तब से मैं किफायती हाउसिंग, बंदूक हिंसा की रोकथाम, हमारे हरे स्थानों की बहाली, पैदल यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित सड़कों और नगर की मुख्य सेवाओं के लिए निधीयन के लिए लड़ रहा हूँ। यह लड़ाई जारी रखना सम्मान की बात होगी।"*

**वर्तमान पेशा:** परिषद सदस्य

**पहले के पेशे:** किरायेदार अधिकार वकील

**शिक्षा:** JD, टूलेन यूनिवर्सिटी; BA, कोलम्बिया यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** पूर्व सदस्य, मैनहेटन सामुदायिक बोर्ड 9

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## शॉन आब्र (Shaun Abreu) ✓

डैमोक्रेटिक

| | |
|---|---|
| **अपराध** | हमें अपराध से व्यापक तरीके से निपटना होगा - जिसमें किफायती और सहायक हाउसिंग का विस्तार, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का वित्त पोषण, युवाओं को लिए प्रोग्राम और NYPD के लिए हिंसक अपराधों को लक्षित करने के लिए संसाधन शामिल हैं। |
| **महँगाई** | मैं मुद्रास्फीति को संबोधित करने और उन लागतों को कम करने के उद्देश्य से प्रोग्राम में निवेश का समर्थन करता हूं जहां न्यू यॉर्क वासी हाउसिंग, भोजन और परिवहन सहित मुद्रास्फीति का सबसे अधिक बोझ महसूस करते हैं। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | हमें लोगों के लिए मतदान आसान बनाने की ज़रूरत है। मैं समान दिन में पंजीकरण, जल्दी मतदान बनाए रखने और मतदाताओं को पंजीकृत करने वाले संगठनों के लिए वित्त पोषण का समर्थन करता हूं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमें डेमोक्रेटिक प्रक्रिया की रक्षा करनी चाहिए। |

## उम्मीदवारों की तुलना करें

**आपके लिए सब से महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों का क्या रवैया है जानने के लिए हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं, और फिर उनके रवैयों को एक साथ रख कर उनकी तुलना करें।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/compare पर जाएं**



# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 8

**डैमोक्रेटिक**

- डायेना आई अयाला (Diana I Ayala) ✓

**रिपब्लिकन**

- एग्ज़ोडस एम गेरी (Exodus M Gary)*

✓ **अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा।** **पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।**

**इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

* उम्मीदवार ने इस मुद्रित मतदाता मार्गदर्शिका में शामिल करने के लिए समय पर एक पूरा प्रोफ़ाइल जमा नहीं किया।

---



## डायेना आई अयाला (Diana I Ayala) ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. किफायती हाउसिंग की रक्षा करना और उसे विस्तारित करना
2. मानसिक स्वास्थ्य और आपराधिक न्याय
3. कार्यबल विकास

***"साउथ ब्राँक्स और ईस्ट हार्लेम समुदाय संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें प्रथम स्थान देने वाले निरंतर नेतृत्व की उन्हें ज़रूरत है। मौजूदा प्रतिनिधि के रूप में मैंने डिस्ट्रिक्ट को अत्यधिक आवश्यक संसाधन पहुँचाने के लिए संघर्ष किया है और अगले 2 सालों में यह करने को उत्सुक हूँ"***

**वर्तमान पेशा:** फुल टाइम उम्मीदवार

**पहले के पेशे:** नगर परिषद सदस्या मेलिसा मार्क-विवेरिटो की कर्मचारी का मुख्य, कार्वर हाउसिस सीनियर सेंटर की निदेशक, कोर्सी हाउसिस में केसवर्कर का कर्मचारियों की उप-मुख्य।

**शिक्षा:** A. D. मानव सेवाएं

**संगठनों से संबद्धता:** लागू नहीं होता

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** लागू नहीं होता

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

| | डायेना आई अयाला (Diana I Ayala) ✓<br>डैमोक्रेटिक | एग्ज़ोडस एम गेरी (Exodus M Gary)*<br>रिपब्लिकन |
|---|---|---|
| **अपराध** | अपराध कई वर्षों के विनिवेश का लक्षण है। अपराध को संबोधित करने के लिए हमें उसके मूल कारण को नष्ट करना होगा। हमें कार्यबल विकास का पर्याप्त वित्तपोषण करना होगा और मध्यमवर्ग तक पाइपलाइन का निर्माण करना होगा। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **महँगाई** | महँगाई की बढ़ती दर से खाद्य, हाउसिंग, ईंधन और बहुत कुछ की लागत बढ़ती है। परिवार खाद्य असुरक्षित हैं और अपना गुज़ारा नहीं कर पा रहे हैं। लोगों को पर्याप्त भोजन और योग्य निवास मिले ऐसी सुरक्षा जाल सेवाओं को आसान पहुँच सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | अगर हमें हमारे लोकतंत्र की रक्षा करने में सचमुच रुचि है, तो हमें हमारे मतदान करने वाले समुदायों को आकर्षित और अवधारित करना होगा। आम न्यूयॉर्क निवासियों की आवाज़ और समस्याएं नेतृत्व कर रहे समुदायों के लिए सब से महत्वपूर्ण होनी चाहिए। | उम्मीदवार ने इस प्रश्न का उत्तर प्रदान नहीं किया। |

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 9

डैमोक्रेटिक

- युसफ सलाम (Yusef Salaam) ✓

✓ अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।

इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।



## युसफ सलाम (Yusef Salaam) ✓

डैमोक्रेटिक

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. और किफायती हाउसिंग बनाना
2. अपराध के पथों को कम करना
3. सार्वजनिक स्कूल शिक्षा को बेहतर बनाना

*"यह अभियान एक पल के बारे में नहीं, बल्कि एक आंदोलन के बारे में है। ऐसा आंदोलन जो दिखाता है कि यह शहर कितना आगे आ गया है और जाएगा। मैं हार्लेम का बेटा हूँ और मैं अपने समुदाय की सेवा करने और न्यूयॉर्क नगर परिषद के 9वें डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूँ।"*

**वर्तमान पेशा:** लेखक

**पहले के पेशे:** नॉर्थवेल हेल्थ में वायरलेस कम्युनिकेशंस एडमिनिस्ट्रेटर

**शिक्षा:** डचेस कम्युनिटी कॉलेज -सोशल सायंसिस में असोसिएट ऑफ़ आर्ट्स एंड सायंसिस 1991-1993

**संगठनों से संबद्धता:** फ्रेडरिक ई. सेम्युअल कम्युनिटी डैमोक्रेटिक क्लब

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** ऐक्टिविस्ट

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## युसफ सलाम (Yusef Salaam)

डैमोक्रेटिक

| | |
|---|---|
| **अपराध** | हार्लेम को सुरक्षित सड़कों का अधिकार है। फिर भी हम न्याय को दाँव पर लगा कर सुरक्षित महसूस करने के लिए तेज़ उपाय नहीं खोज सके, हमें उन संसाधनों में निवेश करना होगा जिनकी हार्लेम को सुरक्षित महसूस करने के लिए ज़रूरत है। यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे गाँव के अधिकारों का सम्मान हो, हमें हार्लेम को सुरक्षित रखने वाले न्यायोचित सुरक्षा उपायों को लागू करना होगा। |
| **महँगाई** | कीमतें बहुत ऊँची हैं, लेकिन महँगाई एक राष्ट्रीय समस्या है जिसे नियंत्रित करने के लिए नगर परिषद कुछ खास नहीं कर सकती है। अगर निर्वाचित हो जाऊँ, तो मैं ब्याज दरों और आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं पर ऐसी कार्रवाई का आग्रह करने के लिए संघीय अधिकारियों के साथ नज़दीक से काम करूँगा, जिसका समस्या पर अर्थपूर्ण प्रभाव हो। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | हम लोकतंत्र तक पहुँच को विस्तारित करके उसकी रक्षा करते हैं। हमें कारावास में बंद या बिना दस्तावेज़ों वाले व्यक्तियों सहित सभी व्यक्तियों को मतदान करने देना चाहिए, स्वचालित मतदाता रजिस्ट्रेशन की अनुमति देनी चाहिए और अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र के इस्तेमाल को विस्तारित करना चाहिए। |

## उम्मीदवारों के वीडियो देखें

**हमारी ऑनलाइन मतदाता मार्गदर्शिका पर जाएं और उम्मीदवारों के बारे में और अधिक जानें! आपके मतपत्र पर कौनसे उम्मीदवार होंगे यह देखने के लिए अपना पता दर्ज करें और फिर उम्मीदवार का वीडियो देखने के लिए उसकी प्रोफ़ाइल पर जाएं।**

**यहाँ स्कैन करें या hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।**

# नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट 10

**डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़**

- कार्मेन एन द ला रोज़ा (Carmen N De La Rosa)

अगर कोई उम्मीदवार NYC के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहा हो, जो कि उम्मीदवारों को अपने अभियान के निधीयन के लिए विशेष हितों पर नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क शहर के निवासियों पर आधारित होने देता है, तो यह बैज दिखाई देगा। पृष्ठ 45 पर अधिक जानें।

इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। उम्मीदवारों की सब से अद्यतन सूची देखने, उम्मीदवारों के वीडियो पाने, और समस्याओं के बारे में दृष्टिकोणों की तुलना करने के लिए, hindi.nycvotes.org/candidates पर जाएं।



## कार्मेन एन द ला रोज़ा (Carmen N De La Rosa)

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

**शीर्ष 3 मुद्दे:**

1. किरायेदारों की रक्षा करना और विस्थापन को रोकना।
2. गुणवत्ता सभर शिक्षा को पहुँच।
3. कामगारों के अधिकार।

*"कार्मेन द ला रोज़ा बचपन में डोमिनिकन गणराज्य से प्रवासन करके आईं और इनवुड में बड़ी हुई। 2016 में कार्मेन 72वें डिस्ट्रिक्ट की असेम्बली सदस्या निर्वाचित हुई थीं। उन्होंने न्यूयॉर्क ड्रीम कानून और एख्सक्लूडिड वर्कर्स फंड को $2.1 बिलियन पर पारित किया।*

*2021 में कार्मेन सिटी हॉल में डिस्ट्रिक्ट 10 का प्रतिनिधित्व करने के लिए निर्वाचित पहली महिला बनी। वह महारे समुदाय को विस्थापन से बचाने, हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के कानूनों को विघटित करने, हमारी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को विस्तारित करने, हमारी शिक्षा प्रणाली को ठीक करने और फ्रंटलाइन कर्मियों और छोटे व्यवसायों के संरक्षण के लिए लड़ रही हैं।"*

**वर्तमान पेशा:** नगर परिषद सदस्या

**पहले के पेशे:** न्यूयॉर्क स्टेट असेम्बली सदस्य

**शिक्षा:** फॉर्डहैम यूनिवर्सिटी

**संगठनों से संबद्धता:** नॉर्दर्न मैनहेटन डैमोक्रेट्स फ़ॉर चेंज

**पहले का लोक सेवा अनुभव:** कामकाजी वर्ग के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली आजीवन लोकसेवक। पूर्व NYS असेम्बली सदस्या।

**जिसमें नामांकित हैं वह पार्टी:** डैमोक्रेटिक

# उम्मीदवारों की तुलना करें

**इस साल हम ने उम्मीदवारों से न्यूयॉर्क निवासियों ने जिन्हें क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी द्वारा हाल ही में किए कए पोल में अपने लिए सब से ज़्यादा महत्वपूर्ण बताया उन आठ मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण को साझा करने को कहा: अपराध, महँगाई, लोकतंत्र की रक्षा करना, किफायती हाउसिंग, बेघरपन, जातीय असमानता और जलवायु परिवर्तन। इन मुद्दों के बारे में उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं की तुलना करने के लिए यहाँ जाएं hindi.nycvotes.org/compare।**

**अपना नगर परिषद डिस्ट्रिक्ट यहाँ खोजें findmypollsite.vote.nyc।**

## कार्मेन एन द ला रोज़ा (Carmen N De La Rosa) ✓

डैमोक्रेटिक, वर्किंग फैमिलीज़

| | |
|---|---|
| **अपराध** | हर व्यक्ति को सुरक्षित समुदाय में रहने का अधिकार है। जहाँ हम प्रणालीगत जातीवाद और सामूहिक कारावास से लड़ रहे हैं, वहीं हमें हिंसा हस्तक्षेप कार्यक्रम, सामाजिक सेवाएं, नौकरियाँ और युवाओं के लिए स्कूल-पश्चात प्रोग्राम जैसी समुदाय केन्द्री सार्वजनिक सुरक्षा पहलों में निवेश करना होगा। |
| **महँगाई** | जीवन यापन की लागत आसमान को छू रही है। मैनहेटन में अपार्टमेन्ट का औसत किराया बढ़ कर $5,186 प्रति माह हो गया है। लाखोपतियों की बढ़ती संख्या के साथ-साथ कामकाजी परिवारों और प्रवासी समुदायों के लिए गुज़ारा करना मुश्किल होता जा रहा है। मैं आय असमानता और सामाजिक सेवाओं को प्राथमिकता देना जारी रखूँगी। |
| **लोकतंत्र की रक्षा करना** | हाल ही कि एक रिपोर्ट ने विश्लेषण किए गए 167 देशों में से यू.एस. को 25वाँ सर्वाधिक लोकतांत्रिक देश होने का रैकं दिया, और यह अब भी "दोषपूर्ण लोकतंत्र" वर्ग में है। मैं सह-शासन पद्धति से लोगों के साथ शासन करने और हमारे लोकतंत्र पर दक्षिण-पंथियों के आक्रमण का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। |

## nyc votes को फ़ॉलो करें

**आप चुनाव संबंधी सभी नवीनतम अपडेट्स के लिए NYC Votes को फ़ॉलो कर सकते हैं!**

**@nycvotes**

# चुनाव संबंधी अलर्ट पाएं

टेक्स्ट या ईमेल द्वारा चुनाव संबंधी अलर्ट पाने के लिए साइन अप करें! मुख्य अंतिम तिथियों और मतदान करने के दिनों के बारे में नवीनतम जानकारी पाएं।

यहाँ स्कैन करें या **nycvotes.org/stay-informed** पर जाएं

# अपने मतपत्र की योजना बनाएं

अपने उम्मीदवार चुनना पूरा कर लिया? अपने चयनों को अपने साथ अपने मतदान स्थल पर ले जाने के लिए सहेज लें!

यहाँ स्कैन करें या **nycvotes.org/ stay-informed** पर जाएं

# फ़ॉल 2023 के मतपत्र प्रस्ताव


**मतपत्र प्रस्ताव क्या होते हैं?**

**इस चुनाव में प्रस्ताव राज्य के संविधान में संशोधन के लिए हैं। इस फ़ॉल में मतपत्र पर दो राज्यव्यापी प्रस्ताव हैं।**

**आप इनमें से हरेक प्रस्ताव के लिए "हाँ" या "नहीं" वोट कर सकते हैं। अगर मतपत्र प्रस्तावों को बहुमति मत मिलें, तो उन्हें स्वीकृति दे दी जाती है।**

**ये प्रस्ताव मतपत्र पर क्यों हैं?**

न्यूयॉर्क राज्य विधान सभा राज्य व्यापी मतपत्र उपाय प्रस्तावित और पारित करती है, जिस पर न्यूयॉर्क निवासी मतदान करते हैं।



# मतपत्र प्रस्ताव 1

# छोटे सिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को विशेष संवैधानिक ऋण मर्यादा से हटा देना

## मतपत्र पर आप क्या देखेंगे

संविधान के खंड 4, धारा 8 में प्रस्तावित संशोधन अभी छोटे शहरों के स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स पर डाली गई विशेष संवैधानिक ऋण मर्यादा को हटाता है, ताकि उनके साथ बाकी सभी स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की तरह ही व्यवहार किया जाए। क्या प्रस्तावित सुधार को स्वीकृति दी जाए?

## प्रस्ताव का सार:

यह संवैधानिक सुधार छोटे शहरों के स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए ऋण की मर्यादा को हटा देता है। ऋण मर्यादाएं सभी स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए राज्य के कानून में निर्धारित की जाएंगी।

छोटे शहर का स्कूल डिस्ट्रिक्ट ऐसा डिस्ट्रिक्ट होता है जिसमें किसी छोटे शहर का कम से कम एक हिस्सा शामिल हो। छोटा शहर एक ऐसा शहर होता है जिसमें एक लाख पच्चीस हज़ार से कम लोग हों।

राज्य का संविधान इस बात पर सीमा लगाता है कि एक छोटे शहर का स्कूल डिस्ट्रिक्ट कितना ऋण ले सकता है। उनका ऋण डिस्ट्रिक्ट में कर लगाने लायक रियल एस्टेट के मूल्य के पाँच प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता है। कुछ खर्चों के लिए अपवाद हैं। अन्य स्कूल डिस्ट्रिक्ट एक संवैधानिक ऋण नियंत्रण के अधीन नहीं होते हैं, लेकिन उनके पास राज्य के कानून द्वारा प्रदान एक अन्य ऋण मर्यादा होती है। राज्य का कानून कहता है कि उनके ऋण कर लगाने लायक भौतिक संपत्ति के दस प्रतिशत से ज़्यादा नहीं हो सकते हैं। अगर यह संवैधानिक संशोधन पारित हो जाता है, तो छोटे शहर के स्कूल डिस्ट्रिक्ट अन्य स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की तरह विधायी कार्य के माध्यम से लागू की गई ऋण सीमा के लिए पात्र हो जाएंगे।

## अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

छोटे स्कूल डिस्ट्रिक्ट राज्य के अन्य स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की तरह ही कानून द्वारा पारित ऋण सीमा के लिए पात्र हो जाएंगे।

# मतपत्र प्रस्ताव 2

# सुएज प्रोजेक्ट ऋण को ऋण मर्यादा में शामिल न करने की अवधि को बढ़ाना

## मतपत्र पर आप क्या देखेंगे

संविधान के खंड 5 की धारा 8 में प्रस्तावित संशोधन दस सालों तक काउंटी, शहर, कसबों और गाँवों के सुएज सुविधा के निर्माण के लिए प्राप्त ऋण को उनकी संवैधानिक ऋण सीमा से हटाने का अधिकार दस सालों तक बढ़ाता है। क्या प्रस्तावित सुधार को स्वीकृति दी जाए?

## प्रस्ताव का सार:

संविधान काउंटियाँ, शहर, कसबे और गाँव जो ऋण ले सकते हैं उसको सीमित करता है। इस ऋण सीमा में सुएज के उपचार और निपटान के लिए निर्माण प्रोजेक्ट्स शामिल नहीं हैं। सीवर ऋण अपवाद की अंतिम तिथि 1 जनवरी 2024 है। यह संशोधन सीवर ऋण अपवाद को 10 और साल यानी कि 1 जनवरी 2034 तक बढ़ाता है।

प्रस्तावित संशोधन यह करने के लिए संविधान की धारा 8 के खंड 5 में परिवर्तन करता है।

## अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है:

सुएज के उपचार और निपटान की लागत को संविधान काउंटी, शहरों, कसबों और गाँवों को जो ऋण लेने देता है उसमें शामिल न करना 10 और सालों तक जारी रहेगा।

# NYC Votes के बारे में

**NYC Votes एक स्वतंत्र सिटी एजेंसी न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड, जो यह सुनिश्चित करती है कि स्थानीय चुनाव न्याय संगत, समावेशी और खुले हों, की एक पहल है।**

हम मतदाताओं और उम्मीदवारों दोनों की प्रतिभागिता को समान रूप से प्रोत्साहित करते हैं ताकि हमारे निर्वाचित अधिकारी हमारे विविधतापूर्ण समुदायों की ज़रूरतों और मतदाताओं को जिनकी परवाह है उन मुद्दों को संबोधित करें।

हम ऐसा जिनके मतदान करने की कम संभावना हो ऐसे न्यूयॉर्क निवासियों को सशक्त बना कर, पद के लिए लड़ने में अवरोधों को कम कर के और हमारी चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने के सुझाव प्रदान करके करते हैं। NYC Votes सामुदायिक संगठनों, स्वयंसेवकों और अन्य नगर एजेन्सियों के साथ शहर भर में मतदाताओं को रजिस्टर करने, शिक्षित करने और शामिल करने के लिए साझीदारी करते हैं। हमारे चुनाव कैसे काम करते हैं और वे क्यों मायने रखते हैं, इस बारे में एक ईमानदार बातचीत करके हम सभी न्यूयॉर्क वासियों के लिए चुनावी प्रक्रिया की बेहतर समझ बनाने का लक्ष्य रखते हैं।

1988 में स्थापित एजेन्सी न्यूयॉर्क निवासियों को अपने मतपत्र पर मौजूद उम्मीदवारों और उनके अभियान का निधीयन कैसे हो रहा है इसके बारे में जानकारी से सुसज्जित करती है। हमारा मिलान निधि प्रोग्राम एक स्थानीय दाता से प्राप्त हर $1 का नगर के निधीयन से 8 तक से मिलान करता है, जिससे कि नगर के उम्मीदवारों को विशेष हितों के बजाए अपने समुदायों पर ध्यान केन्द्रित करने को प्रोत्साहन मिले।

## मिलान निधि प्रोग्राम

**जब आप उन उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं जो नगर के मिलान निधि प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे हों, तो नगर के उम्मीदवारों को आपका योगदान और भी दूर तक जाता है। हिस्सा ले रहे उम्मीदवारों को नगर के निवासियों से प्राप्त दान को $8-से-$1 का मिलान किया जा सकता है। इसका मतलब है कि जब आप $10 का योगदान देते हैं, तो उम्मीदवार को $90 मिलते हैं।**

यह प्रोग्राम यह सुनिश्चित करने में सहायता करता है कि अभियानों का वित्तपोषण न्यूयॉर्क निवासियों के कम राशि के दान से हो, ना कि खास हितों से। इसका मतलब यह भी है कि वास्तव में अमीर न हों, लेकिन जिन्हें समुदाय का ज़बर्दस्त समर्थन प्राप्त हो ऐसे उम्मीदवार चुनाव लड़ने का खर्च वहन कर सकते हैं, जिससे एक अधिक विविधतापूर्ण और प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनती है। न्यूयॉर्क शहर के 2021 के चुनाव में स्थानीय उम्मीदवारों में से 83% से अधिक ने कहा था कि मिलान निधि उनके पद के लिए चुनाव लड़ पाने की क्षमता की कुँजी थी।

**यहाँ योगदान करें**
**contribute.nycvotes.org**

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## सामान्य

### सामान्य चुनाव क्या है?

सामान्य चुनाव में विभिन्न पक्षों के उम्मीदवार निर्वाचित पद को जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। आप मतपत्र पर प्रत्येक पद के लिए किसी भी पार्टी से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के लिए वोट कर सकते हैं। आप मतपत्र प्रस्तावों पर "हाँ" या "नहीं" का मत भी दे सकते हैं। सभी मतदाता जो अंतिम तिथि तक रजिस्टर कर चुके हों, एक सामान्य चुनाव में मतदान करेन के लिए पात्र हैं।

### मैं कैसे जाँच सकता/सकती हूँ कि मैं मतदान के लिए रजिस्टर्ड हूँ या नहीं?

**voterlookup.elections.ny.gov** पर जाएं या NYC चुनाव बोर्ड को 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर कॉल करें या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए टीटीवाय 212-487-5496।

### मैंने पिछली बार मतदान किया उसके बाद मैंने न्यूयॉर्क शहर में घर बदला हो तो क्या?

जब आप घर बदलें, तब आपको एक नया मतदाता पंजीकरण प्रपत्र सबमिट करके चुनाव बोर्ड के पास अपना पता बदल देना चाहिए। आपके पते में परिवर्तन की जानकारी चुनाव बोर्ड (Board of Elections) को 23 अक्तूबर तक मिल जानी चाहिए। 866-VOTE-NYC (866-868-3692) पर या श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए TTY 212-487-5496 पर कॉल करके जानें कि क्या आपके पते में परिवर्तन को संसाधित कर लिया गया है।

अगर आपका पता अद्यतन नहीं किया गया है, तो आप अपने नये पते को आवंटित मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र की माँग करके मतदान कर सकते हैं।

## डाक द्वारा मतदान

### अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र का अनुरोध करने के वैध कारण क्या हैं?

अगर आप चुनाव का दिन न्यूयॉर्क शहर से दूर हों, बीमार या शारीरिक रूप से अक्षम हों, बीमार या शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के मुख्य देखभाल करने वाले हों, वेटरन्स हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन हॉस्पिटल के निवासी या मरीज़ हों या आप कारावास में हों या मुकद्दमा चलने की राह देख रहे हों, तो आप एक अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र की माँग कर सकते हैं। आप अपने अनुपस्थित व्यक्ति के मतपत्र अनुरोध फॉर्म पर अपना कारण अंकित कर सकते हैं।

### अगर मैं अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करूँ तब भी क्या मैं व्यक्तिगत रूप से वोट देने के योग्य?

अगर आपने अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग की हो, तो आपको उससे मतदान करने की योजना बनानी चाहिए। जब तक मतदान चालू हो, आप किसी भी जनमत लेना पर अपना भरा हुआ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकते हैं। तथापि, अगर आप अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र की माँग करने के बाद व्यक्तिगत रूप से मतदान करना चुनें, तो आपको अपने मतदान स्थल पर एक शपथ पत्र मतपत्र से मतदान करना होगा। यह मतपत्र अलग दिखेगा। अगर आपको मदद की ज़रूरत हो, तो मतदान कर्मी से माँगें।

### अगर मैं अपना मतपत्र डाक से भेज रहा/रही हूँ तो क्या मुझे डाक टिकट लगाने होंगे?

नहीं, आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूररत नहीं है। हालाँकि यथाशीघ्र अपना मतपत्र डाक द्वारा वापस भेजना सुनिश्चित करें। इसे वैध होने के लिए चुनाव का दिन तक इस पर डाक का सिक्का पड़ जाना चाहिए और यह काउंटी बोर्ड को 14 नवंबर तक मिल जाना चाहिए।

### क्या मैं अपने मतदान स्थल पर अपना अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकता/सकती हूँ?

हाँ! जब तक मतदान चालू हो आप किसी भी NYC मतदान स्थल या चुनाव बोर्ड के पद में अपना भरा हुआ अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र छोड़ सकते हैं। मतपत्र बॉक्स फ्रंट डेस्क पर उपलब्ध होंगे। आपको डाक टिकट लगाने की ज़रूरत नहीं है।

### क्या मैं अपना मतपत्र लौटाने के बाद उसे ट्रैक कर सकता/सकती हूँ?

हाँ! **nycabsentee.com/tracking** पर जाएं।

### अगर मेरे अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र में कोई समस्या हो तो क्या? क्या मुझे उसे ठीक करने का मौका मिलेगा?

अगर आपके मतपत्र लिफाफे पर ठीक की जा सके ऐसी गलती हो, जैसे कि नामौजूद या गलत हस्ताक्षर, तो कानूनन चुनाव बोर्ड को आपको सूचित करना होगा। अगर आपके मतपत्र पर ठीक की जा सके ऐसी त्रुटि हो, तो वे गलती का पता चलने के 1 दिन के भीतर आप से डाक, ईमेल और फोन (अगर उपलब्ध हो) के द्वारा संपर्क करेंगे। आपके पास एक हस्ताक्षरित पुष्टि लौटा कर त्रुटि को ठीक करने के लिए 7 कार्य दिवस होंगे।

# और प्रश्न हैं?

hindi.nycvotes.org/faqs पर जाएं!

आप हमें nycvotes@nyccfb.info पर ईमेल भेज सकते हैं या फिर हमें Instagram, Twitter, Facebook, या Reddit (@nycvotes) पर मैसेज भेज सकते हैं।

## चुनाव बोर्ड के पास अपनी जानकारी अद्यतन करें

हमें आपका नाम और पता न्यूयॉर्क सिटी चुनाव बोर्ड द्वारा रखी जाने वाली पंजीकृत मतदाताओं की सूची से मिले।

अगर आपको यह मतदाता मार्गदर्शिका डाक में मिली, लेकिन आप वह व्यक्ति नहीं है जिसे यह भेजी गई थी, या अगर जिसे भेजी गई थी उस व्यक्ति ने घर बदल दिया है या उनकी मौत हो गई है, तो चुनाव बोर्ड को सूचित करें, ताकि वे अपने रिकॉर्ड सुधार लें।

## मतदाता मार्गदर्शिका के बारे में

NYC VOTES

कानून के द्वारा न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड को न्यूयॉर्क शहर में नगर के चुनावों के लिए रजिस्टर्ड वोटर वाले हरेक घर को एक मतदाता मार्गदर्शिका भेजना अनिवार्य है। हम हरेक रजिस्टर्ड मतदाता को यह मार्गदर्शिका अंग्रेज़ी और स्पेनिश में भेजते हैं और जनगणना के डेटा के आधार पर लक्षित इलाकों में स्थित मतदाताओं को अरेबिक, बंगाली, चीनी, फ्रेंच, हैतिअन क्रिओल, हिन्दी, कोरियाई, पोलिश, पंजाबी, रूसी और ऊर्दू में भी यह भेजते हैं।

इस मार्गदर्शिका में उन सभी उम्मीदवारों की सूची है जिनके प्रकाशन के समय मतपत्र पर होने की अपेक्षा थी। नवीनतम सूची के लिए, **nycvotes.org/hi** पर ऑनलाइन मार्गदर्शिका पर जाएं।

न्यूयॉर्क शहर 2023 सामान्य चुनाव मतदाता मार्गदर्शिका। कॉपीराइट © 2023 न्यूयॉर्क सिटी अभियान निधियन बोर्ड सर्वाधिकार सुरक्षित डिज़ाइन करने वाले बेलवेदर एजेन्सी यूएसए में निर्मित

## चुनाव बोर्ड से संपर्क करें

चुनाव बोर्ड हमारे चुनावों का संचालन करता है और रजिस्टर्ड मतदाताओं का डेटाबेस रखना, जनमत लेना स्थलों की देखरेख करना, मतपत्र मतगणना करना और चुनाव के परिणाम की रिपोर्ट करना इसका दायित्व है। आप न्यूयॉर्क शहर चुनाव बोर्ड के पास अपना मतदाता रजिस्ट्रेशन अपडेट कर सकते हैं, अनुपस्थित व्यक्ति का मतपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं, चुनाव कर्मी या अनुवादक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं और भी बहुत कुछ कर सकते हैं।

### प्रचालन के नियमित घंटे

सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे, सोमवार से शुक्रवार और चुनाव का दिन से पहले के वीकएंड पर और चुनाव का दिन। प्रचालन के घंटों के लिए **vote.nyc** जाँचें।

**866-VOTE-NYC** (TTY **212-487-5496** श्रवण बाधित लोगों के लिए)

**और जानने के लिए vote.nyc पर जाएं।**

| | पता | फोन नंबर |
|---|---|---|
| **सामान्य पद** | 32-42 Broadway, 7th Floor<br>New York, NY 10004 | 212-487-5400 |
| **ब्राँक्स** | 1780 Grand Concourse, 5th Floor<br>Bronx, NY 10457 | 718-299-9017 |
| **ब्रुकलिन** | 345 Adams Street, 4th Floor<br>Brooklyn, NY 11201 | 718-797-8800 |
| **मैनहेटन** | 200 Varick Street, 10th Floor<br>New York, NY 10014 | 212-886-2100 |
| **क्वीन्स** | 118-35 Queens Boulevard, 11th Floor<br>Forest Hills, NY 11375 | 718-730-6730 |
| **स्टेटन आईलैंड** | 1 Edgewater Plaza, 4th Floor<br>Staten Island, NY 10305 | 718-876-0079 |